फा.सं. ई.14011/1/2011–हिन्दी/ 36-39

**भारत सरकार**
**जल संसाधन मंत्रालय**
**केन्द्रीय जल आयोग**
**हिन्दी अनुभाग**

713 (द), सेवा भवन, रामाकृष्ण पुरम,
नई दिल्ली, दिनांकः– 12 16 जनवरी, 2012

**विषयः केन्द्रीय जल आयोग (मु.) में दिनांक 23 एवं 24 जनवरी, 2012 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन – अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित करने के संबंध में।**

केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) में आयोजित की जाने वाली हिन्दी कार्यशालाओं की श्रृंखला में आगामी दिनांक **23 एवं 24 जनवरी, 2012** को दो दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन प्रशिक्षण कक्ष, कमरा नं. 508 (द.), सेवा भवन, नई दिल्ली में किए जाने का प्रस्ताव है।

अनुरोध है कि आपके स्कंध/संगठन/निदेशालयों/अनुभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को उपर्युक्त हिन्दी कार्यशाला में प्रशिक्षण हेतु नामित कर दिनांक **19 जनवरी, 2012** तक उनके नाम सहायक निदेशक (राजभाषा), कमरा सं. 713(द.), सेवा भवन, रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली को भिजवा दें।

हिन्दी कार्यशाला में उन अधिकारियों/कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से नामित किया जाए जिन्होंने अभी तक हिन्दी कार्यशालाओं में भाग नहीं लिया हो। कृपया यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि नामित अधिकारी/कर्मचारी कार्यशाला के दौरान पूरे समय अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार एवं लेखन सामग्री की व्यवस्था की गई है।

**(शेर सिंह)**
उप निदेशक (रा.भा.)
इंटरकॉम नं. 3737/3720

**सेवा में,**

1. सभी निदेशक, के.ज.आ., नई दिल्ली।
2. निदेशक (समन्वय),ज.आ.एवं परि./अभि. एवं अनु./नदी प्रबंध स्कंध,के.ज.आ.।
3. सभी निदेशालय/अनुभाग, के.ज.आ., नई दिल्ली।
4. निदेशक, प्रशिक्षण, के.ज.आ. : **अनुरोध है कि उक्त कार्यशाला हेतु प्रशिक्षण कक्ष आरक्षित करने एवं अपेक्षित लेखन सामग्री आदि की व्यवस्था करने की कृपा करें।**
5. निदेशक, एस एम डी, के.ज.आ. : **अनुरोध है कि उक्त परिपत्र को आयोग की वेबसाईट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करने की कृपा करें।**
**(Employee Corner-Circulars Archives-Hindi Section)**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :–**

1. अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव।
2. सभी सदस्य, केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव।
3. सभी मुख्य अभियंता, के.ज.आ., नई दिल्ली।

20/1/1